(xi) पर्यावरणीय क्षति को रोकने के लिए, कोयला खानों/परियोजनाओं के सभी समूहों के लिए पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन (ईआईए) रिपोर्ट तैयार की जाती है, जिसमें वायु, जल, भूमि, सामाजिक आर्थिक प्रभाव आदि के लिए पर्यावरणीय प्रभाव निर्धारित किए जाते हैं। पर्यावरण प्रबंधन योजना (ईएमपी) पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा तैयार और अनुमोदित की जाती है ताकि आस-पास के गांवों/बस्तियों पर खनन गतिविधि के किसी भी प्रभाव को कम किया जा सके। पर्यावरणीय मापदंडों (वायु, जल और ध्वनि) के लिए नियमित रूप से पर्यावरण निगरानी की जाती है।

(xii) पुनरावृत्ति को रोकने के लिए दुर्घटनाओं का मूल कारण विश्लेषण (आरसीए) किया जाता है। कर्मचारी परिवहन प्रबंधन प्रणाली (ईटीएमएस), मशीनीकरण और रियल टाइम निगरानी प्रणाली

सहित उन्नत सुरक्षा अवसंरचना स्थापित की गई है। आपातकालीन तैयारियों को मजबूत करने और समग्र खान सुरक्षा में सुधार के लिए नियमित मॉक ड्रिल, वैज्ञानिक अध्ययन और केंद्रित सुरक्षा अभियान भी आयोजित किए जाते हैं।

बरेली जिले में आईआरसीटीसी खाते बंद किया जाना

552. श्री नीरज मौर्य:

क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में आधार से जुड़े न होने के कारण लगभग 7,000 आईआरसीटीसी उपयोगकर्ता खाते बंद कर दिए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान देश भर में बंद किए गए ऐसे आईआरसीटीसी खातों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) आधार सत्यापन को अनिवार्य बनाए जाने के बाद फर्जी टिकट बुकिंग खातों और दलालों द्वारा संचालित खातों पर प्रभावी ढंग से कितनी रोक लगी है और इसके परिणामस्वरूप वास्तविक यात्रियों को टिकटों की उपलब्धता में सुधार का ब्यौरा क्या है;

(घ) ऑनलाइन टिकट बुकिंग में कड़े उपाय किए जाने के बाद गत एक वर्ष के दौरान ऑनलाइन और काउंटर टिकटों की बिक्री के तुलनात्मक आंकड़े क्या हैं; और

(ङ) क्या सरकार का टिकटों की कालाबाजारी के नेटवर्क को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए कोई अन्य नई प्रौद्योगिकी, निगरानी/दंडात्मक तंत्र स्थापित करने का विचार है?

रेल मंत्री; सूचना और प्रसारण मंत्री; तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री अश्विनी वैष्णव):

(क) से (ङ): आईआरसीटीसी द्वारा किसी भी उपयोगकर्ता के खाते को आधार से लिंक नहीं किए जाने के कारण निष्क्रिय नहीं किया गया है। आईआरसीटीसी असामान्य मोबाइल नंबरों, ईमेल डोमेन, आईपी पते आदि के आधार पर संदिग्ध उपयोगकर्ता आईडी की पहचान करने के लिए व्यापक मापदंडों को अपनाता है। 01.01.2024 से 30.06.2026 की अवधि के दौरान, 6.68 करोड़ रुपए से अधिक उपयोगकर्ता खाते निष्क्रिय कर दिए गए और 6.22 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता खातों को पुन: सत्यापन के विकल्प के साथ अस्थायी निलंबन के तहत रखा गया।

आधार प्रमाणीकरण की शुरूआत से फर्जी या अनधिकृत एजेंट-नियंत्रित अनेक उपयोगकर्ता खातों के निर्माण और संचालन को रोकने में मदद मिली है। यह युक्ति खाता बहुलीकरण और स्वचालित दुरुपयोग के विरुद्ध एक प्रभावी सुरक्षा उपाय के रूप में कार्य करता है, जिससे टिकटों का निष्पक्ष आवंटन सुनिश्चित होता है। आधार प्रमाणीकरण ने अनुचित बुकिंग प्रथाओं को कम करके और ऑनलाइन बुकिंग प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ाकर प्रमाणिक यात्रियों के लिए बेहतर टिकट उपलब्धता में योगदान दिया है। इसके अलावा, भारतीय रेल द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए कि टिकट प्रमाणिक उपयोगकर्ताओं को उपलब्ध हों इसके लिए निम्नलिखित कदम भी उठाए गए हैं:

1) <u>प्रणालीगत उपाय (कंटेट डिलीवरी नेटवर्क और एंटी बॉट):</u>

क) सिस्टम के प्रदर्शन को इष्टतम बनाने के लिए, भारतीय रेल ने स्थैतक कंटेट को कम करने और एनजीईटी (नेक्स्ट जेनरेशन ई-टिकटिंग) वेबसाइट सर्वर पर सीधे ट्रैफिक को कम करने के लिए एक कंटेंट डिलीवरी नेटवर्क (सीडीएन) लागू किया गया है।

ख) इसके अलावा, दुर्भावपूर्ण और संदिग्ध प्रयासों को कम करने में मदद के लिए एंटी-बॉट तकनीक स्थापित किया गया है, जिससे यह औसतन 64% तक कम हो जाता है।

ग) यह दुर्भावपूर्ण ट्रैफ़िक को कम करने और स्थैतक कंटेट प्रदान करने में मदद करता है, जिससे सिस्टम पर लोड कम होता है और इस प्रकार इससे वास्तविक और सत्यापित उपयोगकर्ताओं के लिए उपयोगकर्ता अनुभव बेहतर होता है।

2) <u>प्रशासनिक उपाय:</u>

भारतीय रेल द्वारा अनधिकृत उपयोग को रोकने और वास्तविक उपयोगकर्ताओं के लिए निर्बाध बुकिंग सुनिश्चित करने के लिए अनेक धोखाधड़ी-रोधी उपाय अपनाए गए हैं, जो निम्नानुसार हैं:

क) वर्ष 2024 से 2026 (30.06.2026 तक) 6 करोड़ से अधिक संदिग्ध उपयोगकर्ता आईडी को निष्क्रिय किया गया।

ख) 3.93 लाख संदिग्ध पीएनआर के लिए राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर 530 शिकायतें दर्ज की गई।

ग) 01.01.2024 से 30.06.2026 की अवधि के दौरान लगभग 6.22 करोड़ संदिग्ध उपयोगकर्ता आईडी को अधिप्रमाणन हेतु रखा गया है।

घ) वर्ष 2025-26 और 2026-27 (30.06.2026 तक) में, 13,343 संदिग्ध ईमेल डोमेन को ब्लॉक किया गया है।

ङ) केवल आधार सत्यापित उपयोगकर्ताओं को तत्काल टिकट और एआरपी (अग्रिम आरक्षण अवधि) टिकट बुक करने की अनुमति है।

ऑनलाइन टिकट बुकिंग में सख्त उपायों को लागू करने के बाद पिछले एक वर्ष (जून, 2025 से जून, 2026 तक) के दौरान ऑनलाइन टिकट और कांउटर टिकट बिक्री का तुलनात्मक विवरण निम्नानुसार है:

ऑनलाइन टिकट	57.90 करोड़	89%
कांउटर बुकिंग	07.18 करोड़	11%
कुल	65.08 करोड़	100%

HEATWAVE FORECASTING AND EARLY WARNING SYSTEMS AT THE DISTRICT LEVEL

553. SHRI UMMEDA RAM BENIWAL:

Will the Minister of **EARTH SCIENCES** be pleased to state:

(a) whether any district-level heatwave forecasting and early warning system has been developed for vulnerable regions of the country and if so, the details thereof;

(b) whether any assessment has been undertaken to identify districts vulnerable to extreme heat events including Barmer district of Rajasthan and if so, the details thereof;

(c) whether any mechanism is in place for dissemination of heatwave forecasts and impact- based warnings to local authorities and the public at the district level and if so, the details thereof; and

(d) the measures taken by the Government to strengthen heatwave monitoring, forecasting and early warning systems in the country?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SCIENCE AND TECHNOLOGY; MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF EARTH SCIENCES; MINISTER OF STATE IN THE PRIME MINISTER'S OFFICE; MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS; MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF ATOMIC ENERGY; AND MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF SPACE (DR. JITENDRA SINGH):

(a) Yes. The India Meteorological Department (IMD), under the Ministry of Earth Sciences (MoES), issues warnings and alerts, including impact-based forecasts (IBFs) for heatwaves, at the district level twice a day. It includes the expected impact and suggested actions to mitigate heatwaves, as outlined in the National Disaster Management Authority (NDMA) guidelines and the heat action plan. These impact-based forecasts and risk-based warnings at the district level are disseminated to disaster managers, stakeholders, the media, and the general public through multiple communication channels, including email, APIs, mobile applications, social media platforms, websites, electronic and print media, mass communication systems, and Common Alerting Protocol (CAP)-based dissemination mechanisms.

(b) Yes. IMD has developed the Hazard and Vulnerability Atlas of India, which provides district-wise vulnerability assessments for heatwave hazards (https://imdpune.gov.in/hazardatlas/index.html). The Atlas covers all districts of the country, including Barmer district in Rajasthan. As per the Atlas, Barmer district has a Heatwave Vulnerability Index of 0.54 on a scale of 0 to 1, placing it in the High Vulnerability category.

(c) IMD is sharing its heatwave bulletins with different stakeholders, including Disaster Management Authorities, Health Departments, Labour Departments, Indian Railways, Transport Department, Forest Departments, etc, on a regular basis. Further, IMD shares heatwave

warnings with the general public through Websites, Mass Media, Social Media, WhatsApp groups, Mobile Apps, APIs, Common Alert Protocols, etc. As a pilot initiative, IMD initiated the dissemination of impact-based heatwave warnings to informal workers through their respective associations in a simple, easy-to-understand, and actionable format. Regular meetings are also held by the NDMA with various stakeholders to disseminate the IMD forecast for anticipatory and on-the-ground actions. Most of the heat wave-related products are available on a web-GIS-based platform and are openly accessible to the general public (https://dss.imd.gov.in/dwr_img/GIS/heatwave.html).

(d) The Government has significantly strengthened heatwave monitoring, forecasting, and early warning systems through the India Meteorological Department in collaboration with the NDMA, State agencies, and local health departments. Heat Action Plans have been implemented in many parts of the country to provide advance warnings and guidance on preventive measures. Since 2016, IMD has issued seasonal outlooks for temperatures and heatwaves to support planning, along with monthly outlooks, extended-range (weekly) forecasts, and twice-daily heatwave bulletins for the public, disaster managers, and other stakeholders.

ROADMAP FOR NATIONAL BIOENERGY PROGRAMME PHASE-II

554. SHRI DUSHYANT SINGH

Will the Minister of **NEW AND RENEWABLE ENERGY** be pleased to state:

(a) whether the Government proposes to formulate a roadmap for the National Bioenergy Programme Phase-II beyond 31.03.2026 particularly in view of the progress achieved under Phase-I and if so, the details thereof;

(b) the steps being taken by the Government to further strengthen convergence with the animal husbandry and dairy sectors including dairy cooperatives, gaushalas and rural livestock clusters for sustained feedstock availability and decentralized bioenergy generation;

(c) whether any plan has been prepared to scale up Bio-CNG, waste-to-energy and medium-size biogas plants in high livestock-density States such as Rajasthan; and

(d) the measures taken by the Government to integrate bioenergy expansion with farmer income enhancement, organic manure generation and circular rural economy objectives?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF POWER; AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF NEW AND RENEWABLE ENERGY (SHRI SHRIPAD YESSO NAIK):

(a) The Ministry of New and Renewable Energy (MNRE) has been implementing the Phase-I of National Bioenergy Programme (NBP) initially valid till 31.03.2026. Further, the programme has been extended up to

30.09.2026.

At present, Phase-II of the National Bioenergy Programme has not been approved by the Government.

(b) The Galvanizing Organic Bio-Agro Resources Dhan (GOBARdhan) and Sustainable Alternative Towards Affordable Transportation (SATAT) initiatives of Government of India promotes decentralized bioenergy generation through convergence with the animal husbandry and dairy sectors, including dairy cooperatives, gaushalas and rural livestock clusters, and ensures sustained feedstock availability.

(c) and (d) Various initiatives of the Government that contribute to the farmer income enhancement, organic manure generation and circular rural economy in high livestock-density States including Rajasthan, *inter alia*, includes:

i. Under Phase-I of the National Bioenergy Programme (NBP) of the Ministry of New and Renewable Energy (MNRE), Central Financial Assistance is provided for setting up bioenergy plants for generation of biogas, Bio-CNG, etc.

ii. Under the Swachh Bharat Mission (Grameen), financial assistance of up to ₹50 lakh per district is provided during 2020-21 to 2026-27 for setting up cluster/community-level biogas plants.

iii. Under the SAMARTH (Sustainable Agrarian Mission on use of Agri-Residue in Thermal Power Plants) initiative of the Ministry of Power, biomass co-firing in coal-based thermal power plants is being promoted.

iv. The Ministry of Petroleum and Natural Gas (MoPNG) is promoting the

BioCNG/CBG sector through the SATAT initiative, which facilitates procurement of CBG by Oil Marketing Companies (OMCs), and also by implementing schemes for financial assistance towards procurement of Biomass Aggregation Machinery (BAM) and development of pipeline infrastructure for injection of CBG into the City Gas Distribution (CGD) network.

STATUS OF HEAVY WATER EXPANSION PROJECTS

555. SHRI PARSHOTTAMBHAI RUPALA

Will the **PRIME MINISTER** be pleased to state:

(a) whether the Government has declared or proposes to declare the Zero Date for each Heavy Water expansion project across the country;

(b) if so, the details indicating the date of approval, Zero Date, present status, percentage of physical and financial progress and expected date of completion of each project, location-wise; and

(c) whether any project has been delayed and if so, the reasons for delay and the corrective measures taken by the Government, project-wise?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SCIENCE AND TECHNOLOGY; MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF EARTH SCIENCES; MINISTER OF STATE IN THE PRIME MINISTER'S OFFICE; MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS; MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF ATOMIC ENERGY; AND MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF

SPACE (DR. JITENDRA SINGH):

(a) to (c) Government has not declared any zero date for Heavy Water expansion project .

COAL GASIFICATION PROJECTS IN ODISHA

556. SHRI PRADEEP PUROHIT:

Will the Minister of **COAL** be pleased to state?

(a) whether the Government has recently inaugurated/launched the Coal Gasification Project and the Thermal Power Project at Jharsuguda in Odisha and if so, the details thereof;

(b) the total approved project cost, present status and the scheduled timeline for completion of each of the above projects;

(c) the scope of work under these projects along with the names of the implementing agencies, EPC contractors and other executing organisations involved; and

(d) the estimated direct and indirect employment likely to be generated during construction and operation, indicating the number of skilled, semi-skilled and unskilled workers proposed to be engaged along with the expected employment opportunities for local youth?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COAL; AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF MINES (SHRI SATISH CHANDRA

DUBEY):

(a): Foundation stone for coal gasification-based Ammonium Nitrate Project at Lakhanpur, Jharsuguda, Odisha as well as for Stage-II expansion project, 2x660 MW, IB thermal power station has been laid by the Hon'ble President of India and the Hon'ble Prime Minister of India on 20.06.2026. Bharat Coal Gasification and Chemicals Limited (BCGCL), a joint venture of Coal India Limited (CIL) and Bharat Heavy Electricals Limited (BHEL), is the project proponent of Coal Gasification Project while Odisha Power Generation Corporation Limited (OPGC) is the project proponent for thermal power project. The location of coal gasification project is Lakhanpur while that of thermal power project is Banaharpalli in Jharsuguda district.

(b): The approved cost of the coal gasification project is ₹25,016 crore. Environmental Clearance and Consent to Establish have been obtained, major EPC packages have been awarded, and site development is in progress. The project is scheduled for commissioning by March 2030. The cost of thermal power project as well as its completion timeline has not been finalized since it is under bidding process.

(c): The coal gasification project envisages setting up a 0.66 MMTPA Coal-to-Ammonium Nitrate Plant based on BHEL's indigenous Pressurised Fluidised Bed Gasification (PFBG) technology. BCGCL is the project proponent, PDIL is the Project Management Consultant, and the major EPC packages have been awarded to BHEL and LandT. The name of the contractor for the power project

has not been finalized since it is under bidding process. Odisha Power Generation Corporation Limited (OPGC) is the project proponent for the 2x660 MW power project.

(d): The coal gasification project is expected to generate about 2,000 direct and indirect employment opportunities. Engagement of skilled, semi-skilled and unskilled manpower will be as per project requirements. Preference to eligible local youth is in accordance with applicable policies.

REDUCTION IN SMALL BIOGAS PLANTS IN MAHARASHTRA

557. SHRI VISHALDADA PRAKASHBAPU PATIL:

ADV GOWAAL KAGADA PADAVI:

DR. BACHHAV SHOBHA DINESH:

SUSHRI PRANITI SUSHILKUMAR SHINDE:

Will the Minister of **NEW AND RENEWABLE ENERGY** be pleased to state:

(a) whether the Government is aware of the observed reduction in the number of small biogas plants installed in Maharashtra from 5180 in the year 2022-23 to 4581 in 2024-25 under the Biogas Programme;

(b) if so, the reason for such decline in installations thereof;

(c) the details of the measures being taken by the Government to accelerate adoption among households in Maharashtra particularly in districts with high cattle population and agricultural waste generation such as Solapur, Nandurbar, Bhandara, Sangli and Dhule; and

(d) the details of the number of biogas plants linked to toilets set up in Maharashtra along with their capacity, faecal sludge generation and current utilisation during the last five years, district-wise?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF POWER; AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF NEW AND RENEWABLE ENERGY (SHRI SHRIPAD YESSO NAIK):

(a) and (b) The details of small biogas plants installed in the State of Maharashtra during Phase-I of National Bioenergy Programme from FY 2022-23 to FY 2024-25 may be seen below:

FY	No. of Biogas plants installed
2022-23	5180
2023-24	4707
2024-25	4581

As reported by the Government of Maharashtra, the lower number of installations during 2024-25 was mainly due to increase in the construction cost of biogas plants, reduced availability of cattle dung owing to decline in livestock at the household level, increasing use of alternative cooking fuels, water scarcity in certain areas, shortage of trained technicians, and reduced interest among beneficiaries in operation and maintenance of biogas plants.

(c) To accelerate the adoption of biogas plants among households in Maharashtra, including districts with high cattle population and agricultural waste generation such as Solapur, Nandurbar, Bhandara, Sangli and Dhule, the Ministry of New and Renewable Energy (MNRE) is providing Central Financial Assistance (CFA) under the Biogas Programme during Phase-I of the National Bioenergy Programme.

In addition, awareness and publicity campaigns, training of beneficiaries and technicians, and coordination with the State Government/implementing agencies for identification of eligible beneficiaries are undertaken to facilitate wider adoption of biogas plants.

(d) The district-wise number of toilet-linked biogas plants established in Maharashtra is given at **STATEMENT**.

However, the information regarding faecal sludge generation and its current utilization is not being maintained separately.

STATEMENT

District-wise details of Biogas plants linked to toilets set up in Maharashtra during last five years (FY 2021-22 to FY 2025-26):

Sl. No.	District	Number of biogas plants
1.	Thane	17
2.	Palghar	168
3.	Raigad	12

4.	Ratnagiri	61
5.	Sindhudurg	43
6.	Nashik	9
7.	Dhule	0
8.	Nandurbar	25
9.	Jalgaon	46
10.	Ahilyanagar	15
11.	Pune	55
12.	Satara	55
13.	Sangli	74
14.	Solapur	2
15.	Kolhapur	1725
16.	C.Sambhajinagar	5
17.	Jalna	0
18.	Parbhani	72
19.	Hingoli	0
20.	Beed	14
21.	Nanded	0
22.	Dharashiv	0
23.	Latur	0
24.	Amravati	32
25.	Buldhana	0

26.	Akola	7
27.	Washim	0
28.	Yavatmal	0
29.	Nagpur	76
30.	Wardha	0
31.	Bhandra	78
32.	Gondiya	16
33.	Chandrapur	75
34.	Gadchiroli	48
	Total	**2730**

Note: Each plant has an installed capacity of 3 cu. m per day

भारत पूर्वानुमान प्रणाली

558. श्री मितेश पटेल बकाभाई:

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) हाल ही में आरंभ की गई 'भारत पूर्वानुमान प्रणाली' की मुख्य विशेषताएं और उद्देश्य क्या हैं और यह प्रणाली भारत की मौसम पूर्वानुमान क्षमता को किस प्रकार सुदृढ़ करती है;

(ख) भारत पूर्वानुमान प्रणाली विशेषकर जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में फसलों के नुकसान को कम करने और आपदा तैयारियों में सुधार लाने में किस प्रकार योगदान दे रही है; और

(ग) भारत पूर्वानुमान प्रणाली को स्वदेशी रूप से विकसित किया जाना किस प्रकार महत्वपूर्ण है और यह 'आत्मनिर्भर भारत' तथा 'मेक इन इंडिया' पहलों के लक्ष्यों के अनुरूप कैसे है?

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री; पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के राज्य मंत्री; प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री; कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री; परमाणु ऊर्जा विभाग में राज्य मंत्री; तथा अंतरिक्ष विभाग में राज्य मंत्री (डॉ. जितेंद्र सिंह):

(क) भारत पूर्वानुमान प्रणाली (भारतएफएस) नए कार्यान्वित ट्राएंगुलर क्यूबिक ऑक्टाहेड्रल (टीसीओ) डायनामिकल ग्रिड पर आधारित है, जो मॉडल्स को 6 किमी होरिजोंटल रिजोल्यूशन पर संचालन करने में सक्षम बनाता है, इसने अपने पूर्ववर्ती (जीएफएस टी1534 ~ 12 किमी) तथा 9–14 किमी वाले होरिजोंटल रिजोल्यूशन वाले सामान्य ग्लोबल ऑपरेशनल मॉडल्स को पीछे छोड़ दिया है। हाल ही में अधिग्रहित की गई सुपर कम्प्यूटिंग सुविधाओं, अर्क (आईआईटीएम- पुणे) और अरुणिका (एनसीएमआरडब्ल्यूएफ- नोएडा) ने रन-टाइम को कम करके रियल-टाइम मौसम पूर्वानुमान हेतु प्रयोग किए जाने वाले मॉडल्स को सक्षम बनाया है। इन प्रमुख विशेषताओं ने भारत की मौसम पूर्वानुमान क्षमताओं को बेहतर बनाया है, इसके परिणामस्वरूप भारत एकमात्र ऐसा देश है जो रियल-टाइम मौसम पूर्वानुमान हेतु 6 किमी हाई रिजोल्यूशन पर एक वैश्विक मोसम पूर्वानुमान मॉडल संचालित कर रहा है। भारतएफएस को पंचायत स्तर के क्लस्टर पर पूर्वानुमान सृजित करने तथा चरम मौसमी घटनाओं के पूर्वानुमान में सुधार करने के उद्देश्य से विकसित किया गया था।

(ख) होरिजोंटल रिजोल्यूशन में वृद्धि के साथ, भारतएफएस प्रत्येक 6 किमी पर पूर्वानुमान सृजित करने में समर्थ है। इससे स्थानीय मौसमी विशेषताओं का पता लगाया जा पाता है, जिससे पंचायतों / समूहों के समूह की जरूरतें पूरी करना संभव हो पाता है। स्थानीयकृत पूर्वानुमान से किसानों को फसल, सिंचाई, तथा कटाई की योजना बनाने में मदद मिलती है। इसके अतिरिक्त, जल प्राधिकरण, मॉनसून के दौरान जलाशयों को बेहतर तरीके से प्रबंधित कर सकते हैं, जिससे बाढ़ का जोखिम कम होता है, तथा उपज-सुदृढ़ता में सुधार होता है। जलवायु परिवर्तन के कारण चरम मौसमी घटनाओं की आवृत्ति और गंभीरता में वृद्धि हो रही

है, तथा भारतएफएस ने मुख्य मॉनसून क्षेत्र की चरम वर्षा का पूर्वानुमान करने के कौशल में महत्वपूर्ण सुधार प्रदर्शित किया है। ये सभी सुधार, द्रुत और लक्षित आपदा प्रतिक्रिया के लिए महत्वपूर्ण हैं, इससे हमारे देश की आपदा तैयारी में वृद्धि होती है।

(ग) स्वदेशी रूप से विकसित किया जा रहा भारतएफएस अत्यधिक महत्वपूर्ण है, न केवल भारत की वैज्ञानिक क्षमताओं को उन्नत बनाने के लिए, बल्कि राष्ट्रीय रणनीतिक और आर्थिक लक्ष्यों को आगे ले जाने के लिए भी। भारतएफएस भारत का अपना हाई-रिजोल्यूशन मौसम पूर्वानुमान मॉडल दर्शाता है, इसे हिमालय एवं पश्चिमी घाट जैसी भारतीय भूगोल को ध्यान में रखते हुए पूर्वानुमान की जटिलताओं पर विचार करने के लिए भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा डिजाइन किया गया है।

इसे आईआईटीएम-पुणे जैसे भारतीय संस्थानों के वैज्ञानिकों की टीम द्वारा एनसीएमआरडब्ल्यूएफ-नोएडा तथा भारत मौसम विज्ञान विभाग के सपोर्ट से विकसित किया गया है। यह मॉडलिंग सिस्टम एमओईएस सुपरकंप्यूटिंग फैसिलिटीज (अर्का एवं अरुणिका) द्वारा संचालित है। ये उपलब्धियां "मेक इन इंडिया" के अनुरूप है – जो विश्व-स्तरीय मौसम और जलवायु पूर्वानुमान प्रणालियों को स्थानीय तौर पर निर्मित करने के मामले में भारत की क्षमता को दर्शाता है। भारतएफएस का विकास एवं लॉन्च करने से भारत अपनी मौसम विज्ञान सेवाओं को अपग्रेड करने पड़ोसी देशों को सपोर्ट प्रदान करने में समर्थ हो गया है, जो क्षेत्रीय नेतृत्व एवं आत्म-निर्भरता को सुदृढ़ बनाता है।

TRANSFORMATION OF FAIR PRICE SHOPS

559. SHRI CHAMALA KIRAN KUMAR REDDY:

SHRI EATALA RAJENDER:

Will the Minister of **CONSUMER AFFAIRS, FOOD AND PUBLIC DISTRIBUTION** be pleased to state:

(a) whether the State Government of Telangana has any proposal for the transformation of Fair Price shops through Installation of CCTV cameras in Fair Price shops and if so, the details thereof;

(b) whether the State Government has requested for financial assistance amounting to Rs. 24,38,74,500/- for 17,114 Fair Price shops @ Rs.14,250/- and also sent concerned project proposals to the Union Government; and

(c) if so, the details thereof along with the steps to be taken by the Union Government for said transformation of Fair Price (FP) shops of the State of Telangana including the time by which the said issue would be resolved?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CONSUMER AFFAIRS, FOOD AND PUBLIC DISTRIBUTION (SHRIMATI NIMUBEN JAYANTIBHAI BAMBHANIYA):

(a) to (c): The Targeted Public Distribution System (TPDS) under National Food Security Act (NFSA), 2013 is operated under the joint responsibility of the Central and the State/Union Territory (UT) Governments. Central Government is responsible for procurement, allocation and transportation of foodgrains upto the designated depots of the Food Corporation of India (FCI), whereas the operational responsibilities for allocation of foodgrains within the States/ UTs, identification of eligible beneficiaries, issuance of ration cards, distribution of foodgrains to eligible beneficiaries under TPDS, issuance of license to Fair Price Shop dealers, supervision over and monitoring of

functioning of FPSs etc. rest with the concerned State/UT Governments.

The Union Government received a proposal from the Government of Telangana in March 2025 seeking financial assistance for the transformation of Fair Price Shops (FPSs) in the State through the installation of CCTV cameras. In this regard, the Government of Telangana was informed, vide letter dated 17.07.2025, that there is currently no such scheme under the Union Government to provide financial assistance to State Governments for the installation of CCTV cameras in Fair Price Shops.

महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में रेलवे परियोजनाओं के लिए निधि आवंटन

560. डॉ. शिवाजी बंडाप्पा कालगे:

श्री ज्ञानेश्वर पाटील:

क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देशभर में स्वीकृत बड़ी रेल परियोजनाओं की स्थिति की समीक्षा की है;

(ख) यदि हाँ, तो महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश राज्यों में नई लाइनों, आमान परिवर्तन, विद्युतीकरण और स्टेशनों के आधुनिकीकरण कार्यों सहित स्वीकृत परियोजनाओं की सूची क्या है;

(ग) वर्तमान में निष्पादन में लागत वृद्धि, देरी या बाधाओं का सामना कर रही परियोजनाओं का अनुमानित समय और बजटीय वृद्धि के साथ ब्यौरा क्या है;

(घ) उक्त देरी के लिए भूमि अधिग्रहण, पर्यावरणीय स्वीकृतियों, धन जारी करने से संबंधित मुद्दों और ठेकेदार से जुड़े कारकों सहित चुनौतियों के कारण क्या हैं;

(ङ) परियोजनाओं की समय-सीमा को लगातार बढ़ाने के कारण क्या हैं, जिसके परिणामस्वरूप क्षेत्रीय संपर्क, माल ढुलाई, यात्री परिवहन और आर्थिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता

है; और

(च) सरकार द्वारा मध्य प्रदेश में रेल अवसंरचना को उन्नत करने और परियोजनाओं को समय पर पूरा करना सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

रेल मंत्री; सूचना और प्रसारण मंत्री; तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री अश्विनी वैष्णव):

(क) से (च): पिछले 12 वर्षों के दौरान भारतीय रेल द्वारा रेल नेटवर्क के क्षमता संवर्धन के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास शुरू किए गए हैं। भारतीय रेल में नए रेलपथ की कमीशनिंग/बिछाने का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

अवधि	**कमीशन किए गए नए रेलपथ**	**नए रेलपथों की औसत कमीशनिंग**
2009-14	7,599 कि.मी.	4.2 कि.मी. प्रतिदिन
2014-26	36,429 कि.मी.	8.32 कि.मी. प्रतिदिन (2 गुना से अधिक)

दिनांक 01.04.2026 की स्थिति के अनुसार, भारतीय रेल में लगभग 8.31 लाख करोड़ रुपए की लागत पर 40,000 कि.मी. कुल लंबाई की 514 रेल अवसंरचना परियोजनाएँ (169 नई लाइन, 29 आमान परिवर्तन और 316 दोहरीकरण) को स्वीकृति दी गई है। इनका सारांश निम्नानुसार है:-

कोटि	परियोजनाओं की संख्या	कुल लंबाई नई लाइन/आमान परिवर्तन/दोहरीकरण (कि.मी.)	मार्च 2026 तक कमीशन की गई लंबाई (कि.मी.)	मार्च 2026 तक किया गया कुल व्यय (करोड़ रुपए में)
नई लाइन	169	16,634	3,361	1,57,572
आमान परिवर्तन	29	3987	3,045	24,227
दोहरीकरण/बहुपथन	316	19,379	6,177	1,23,454
कुल	514	40,000	12,583	3,05,253

भारतीय रेल की वेबसाइट पर रेल परियोजनाओं का क्षेत्रीय रेल-वार विवरण सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है।

पिछले तीन वर्षों अर्थात वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 और वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान भारतीय रेल में 14,500 कि.मी. की कुल लंबाई की 261 परियोजनाओं (53 नई लाइन, 05 आमान परिवर्तन और 203 दोहरीकरण) को मंजूरी दी गई है।

<u>मध्य प्रदेश</u>

रेल बजट:

हाल के वर्षों में बजट आवंटन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। मध्य प्रदेश राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली अवसंरचना परियोजनाओं और संरक्षा कार्यों के लिए बजट आवंटन निम्नानुसार है:

अवधि	परिव्यय
2009-14	632 करोड़ रु. प्रति वर्ष
2026-27	15,188 करोड़ रु. (24 गुना से अधिक)

रेलपथ निर्माण:

मध्य प्रदेश राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाले नए रेलपथों के निर्माण का ब्यौरा निम्नानुसार है:

अवधि	कमीशन किए गए नए रेलपथ	नए रेलपथों की औसत कमीशनिंग
2009-14	145 कि.मी.	29 कि.मी. प्रतिवर्ष
2014-26	2,893 कि.मी.	241.1 कि.मी. प्रतिवर्ष (8 गुना से अधिक)

स्वीकृत परियोजनाएं:

01.04.2026 की स्थिति के अनुसार, मध्य प्रदेश राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली 5,584 कि.मी. कुल लंबाई वाली 32 रेल परियोजनाएं (10 नई लाइन, 02 आमान परिवर्तन और 20 दोहरीकरण) स्वीकृत की गई हैं, जिनकी लागत 1,26,939 करोड़ रु. है। जिसका सारांश निम्नानुसार है:

कोटि	परियोजनाओं की संख्या	कुल लंबाई (कि.मी. में)	मार्च 2026 तक कमीशन की गई लंबाई (कि.मी. में)	मार्च 2026 तक किया गया कुल व्यय (करोड़ रुपए में)
नई लाइन	10	1,936	621	19,435
आमान	02	809	457	7,771

परिवर्तन				
दोहरीकरण/ बहुपथन	20	2,839	1,037	18,876
कुल	32	5,584	2,115	46,082

<u>हाल ही में पूरी की गई परियोजनाएं :</u>

मध्य प्रदेश राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली तथा हाल ही में पूर्ण हुई कुछ परियोजनाओं का विवरण निम्नलिखित है:

क्र.सं.	परियोजना का नाम	नवीनतम लागत (करोड़ रु. में)
1	अनूपपुर-कटनी तीसरी लाइन (166 कि.मी.)	2,311
2	पेंड्रा रोड-अनूपपुर तीसरी लाइन (50 कि.मी.)	394
3	भोपाल-बीना तीसरी लाइन (145 कि.मी.)	1,075
4	बीना-कोटा दोहरीकरण (283 कि.मी.)	2,477
5	जबलपुर-गोंदिया आमान परिवर्तन (300 कि.मी.)	2,005
6	छिंदवाड़ा-नागपुर आमान परिवर्तन (150 कि.मी.)	1,512
7	छिंदवाड़ा-मंडला फोर्ट आमान परिवर्तन (182 कि.मी.)	1,268
8	इटारसी-बुधनी तीसरी लाइन (25 कि.मी.)	286
9	बरखेड़ा-भोपाल तीसरी लाइन (41 कि.मी.)	473
10	निमाच-चित्तौड़गढ़ दोहरीकरण (56 कि.मी.)	560
11	बुधनी-बरखेड़ा तीसरी लाइन (27 कि.मी.)	1,703
12	इंदौर-देवास-उज्जैन दोहरीकरण (79 कि.मी.)	757

क्र.सं.	परियोजना का नाम	नवीनतम लागत (करोड़ रु. में)
13	गुना- इटावा नई लाइन (348 कि.मी.)	683
14	रामना-सिंगरौली दोहरीकरण (160 कि.मी.)	2,436
15	करैला रोड- शक्तिनगर दोहरीकरण (32 कि.मी.)	763
16	कटनी-बीना तीसरी लाइन (260 कि.मी.)	3,138
17	नीमच-रतलाम दोहरीकरण (133 कि.मी.)	1,475

<u>चालू परियोजनाएं</u>

मध्य प्रदेश राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली और शुरू की गई कुछ परियोजनाओं का ब्यौरा निम्नानुसार है:

क्र.सं.	परियोजना	लागत (₹ करोड़ में)
1	कटनी- ग्रेड सेपरेटर/बाईपास (35 कि.मी.)	2,300
2	कटनी- सिंगरौली दोहरीकरण (257 कि.मी.)	4,377
3	ललितपुर- खजुराहो नई लाइन (541 कि.मी.)	8,914
4	रामगंजमंडी-भोपाल नई लाइन (277 कि.मी.)	5,073
5	इंदौर-बुदनी नई लाइन (198 कि.मी.)	7,474
6	नीमच-बड़ी सदरी नई लाइन (48 कि.मी.)	896
7	ग्वालियर-श्योपुरकलां आमान परिवर्तन (284 कि.मी.)	3,947
8	इटारसी- नागपुर तीसरी लाइन (280 कि.मी.)	2,607

क्र.सं.	परियोजना	लागत (₹ करोड़ में)
9	झाँसी-बीना तीसरी लाइन (153 कि.मी.)	2,002
10	मथुरा-झाँसी तीसरी लाइन (274 कि.मी.)	5,961
11	झाँसी- मानिकपुर और खिरार-भीमसेन दोहरीकरण (431 कि.मी.)	4,330
12	सतना-रीवा दोहरीकरण (50 कि.मी.)	616
13	मनमाड - इंदौर नई लाइन (360 कि.मी.)	18,529
14	भुसावल-खंडवा तीसरी और चौथी लाइन (131 कि.मी.)	3,285
15	दाहोद-इंदौर नई लाइन (205 कि.मी.)	9,746
16	छोटा उदेपुर-धार नई लाइन (147 कि.मी.)	1,994
17	रतलाम-नागदा तीसरी और चौथी लाइन (41 कि.मी.)	964
18	वडोदरा-रतलाम तीसरी और चौथी लाइन (259 कि.मी.)	8,885
19	रतलाम-अकोला आमान परिवर्तन (525 कि.मी.)	18,811
20	बीना-इटारसी चौथी लाइन (237 कि.मी.)	4,329
21	इटारसी-नागपुर चौथी लाइन (297 कि.मी.)	5,010
22	गोंदिया-जबलपुर दोहरीकरण (231 कि.मी.)	5,236
23	नागदा-मथुरा तीसरी और चौथी लाइन (568 कि.मी.)	16403

महाराष्ट्र

रेल बजट:

पिछले 5 वर्षों के दौरान बजट आबंटन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। महाराष्ट्र राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली अवसंरचन संबंधी परियोजनाओं और संरक्षा कार्यों के लिए बजट आबंटन निम्नानुसार

है:

अवधि	परिव्यय
2009-14	1,171 करोड़ रुपए प्रतिवर्ष
2026-27	23,926 करोड़ रुपए (20 गुना से अधिक)

रेलपथ निर्माण:

वर्ष 2009-14 और वर्ष 2014-26 के दौरान महाराष्ट्र राज्य में पूर्णतः/अंशत: पड़ने वाले नए रेलपथ निर्माण संबंधी कार्यों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

अवधि	कमीशन किए गए नए रेलपथ	नए रेलपथों की औसत कमीशनिंग
2009-14	292 कि.मी.	58.4 कि.मी. प्रतिवर्ष
2014-26	2,585 कि.मी.	215.4 कि.मी. प्रतिवर्ष (लगभग 4 गुना)

स्वीकृत परियोजनाएं:

दिनांक 01.04.2026 की स्थिति के अनुसार, महाराष्ट्र में पूर्णतः/अंशत: पड़ने वाली 1,42,635 करोड़ रुपए की लागत पर कुल 5,956 कि.मी. लंबाई की 52 परियोजनाओं (13 नई लाइन, 02 आमान परिवर्तन और 37 दोहरीकरण) को स्वीकृत किया गया है। इसका सार निम्नानुसार है:-

कोटि	**स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या**	**कुल लंबाई (कि.मी. में)**	**मार्च 2026 तक कमीशन की गई लंबाई (कि.मी. में)**	**मार्च, 2026 तक व्यय (करोड़ रुपए में)**
नई लाइन	13	1,399	266	13,065
आमान परिवर्तन	02	609	334	5,013
दोहरीकरण/बहुपथन	37	3,948	998	16,704
कुल	52	5,956	1,598	34,782

हाल ही में पूरी की गई परियोजनाएं:

महाराष्ट्र में पूर्णतः/अंशत: पड़ने वाली हाल ही में पूरी की गई कुछ परियोजनाओं का ब्यौरा निम्नानुसार हैः-

क्र.सं.	परियोजना	लागत (करोड़ रुपए में)
1	पुणे-मिराज-लोंडा दोहरीकरण (467 कि.मी.)	6,463
2	होतगी-कुडगी-गदग दोहरीकरण (284 कि.मी.)	2,459
3	मनमाड-जलगांव तीसरी लाइन (160 कि.मी.)	1,677
4	जबलपुर-गोंदिया आमान परिवर्तन (300 कि.मी.)	2,005
5	छिंदवाड़ा-नागपुर आमान परिवर्तन	1,512

	(150 कि.मी.)	
6	पनवेल-पेन दोहरीकरण (35 कि.मी.)	263
7	पेन-रोहा दोहरीकरण (40 कि.मी.)	330
8	उधना-जलगांव दोहरीकरण (307 कि.मी.)	2,448
9	मुदखेड़-परभणी दोहरीकरण (81 कि.मी.)	673
10	भुसावल-जलगांव तीसरी लाइन (24 कि.मी.)	325
11	जलगांव-भुसावल चौथी लाइन (24 कि.मी.)	261
12	दौंड-गुलबर्गा दोहरीकरण (225 कि.मी.)	3,182
13	दौंड-मनमाड दोहरीकरण (236 कि.मी.)	3,426

चालू परियोजनाएं:

महाराष्ट्र राज्य में रेल अवसंरचनाओं को और बेहतर बनाने के लिए निम्नानुसार कार्य शुरू किए गए हैं:-

क्र.सं.	परियोजना का नाम	लागत (करोड़ रु. में)
1	अहिल्यानगर-पारली वैजनाथ नई लाइन (261 कि.मी.)	5,800
2	बारामती-लोणांद नई लाइन (64 कि.मी.)	1,844
3	वर्धा-नांदेड़ नई लाइन (284 कि.मी.)	5,248
4	इंदौर-मनमाड नई लाइन (360 कि.मी.)	18,529
5	वाडसा-गढ़चिरौली नई लाइन (52 कि.मी.)	1,886
6	जलना-जलगांव नई लाइन (174 कि.मी.)	5,804

क्र.सं.	परियोजना का नाम	लागत (करोड़ रु. में)
7	वर्धा-नागपुर तीसरी लाइन (76 कि.मी.)	917
8	वर्धा-बल्लारशाह तीसरी लाइन (132 कि.मी.)	1,755
9	इटारसी-नागपुर तीसरी लाइन (280 कि.मी.)	2,607
10	राजनांदगांव-नागपुर तीसरी लाइन (228 कि.मी.)	3,545
11	वर्धा-नागपुर चौथी लाइन (79 कि.मी.)	1,215
12	जलगांव-मनमाड चौथी लाइन (160 कि.मी.)	2,574
13	भुसावल-खंडवा तीसरी और चौथी लाइन (131 कि.मी.)	3,285
14	सोलापुर-तुलजापुर-उस्मानाबाद नई लाइन (84 कि.मी.)	3,296
15	पनवेल-चौक दोहरी लाइन (17 कि.मी.)	491
16	वर्धा-बल्हारशाह चौथी लाइन (135 कि.मी.)	2,226
17	इटारसी-नागपुर चौथी लाइन (297 कि.मी.)	5,010
18	वर्धा-भुसावल तीसरी और चौथी लाइन (314 कि.मी.)	9,197
19	गोंदिया-डोंगरगढ़ चौथी लाइन (84 कि.मी.)	2,223
20	गोंदिया-बल्हारशाह दोहरीकरण (240 कि.मी.)	4,819
21	कल्याण-कसारा तीसरी लाइन (68 कि.मी.)	1,433
22	नाइगांव-जुइचेंद्र दोहरी कॉर्ड लाइन (5 कि.मी.)	176
23	नीलजे-कोपर दोहरी कॉर्ड लाइन (5 कि.मी.)	338
24	बदलापुर-कर्जत तीसरी और चौथी लाइन (32 कि.मी.)	1,324
25	असगांव-कसारा चौथी लाइन (35 कि.मी.)	794

क्र.सं.	परियोजना का नाम	लागत (करोड़ रु. में)
26	कसार-मनमाड तीसरी और चौथी लाइन (131 कि.मी.)	10,154
27	गोंदिया-जबलपुर दोहरीकरण (231 कि.मी.)	5,236
28	चालीसगांव रेल ओवर रेल फ्लाईओवर (11 कि.मी.)	264
29	चिखली और सोमताने (4 कि.मी.) के बीच कॉर्ड लाइन	172

मुंबई उपनगरीय क्षेत्र के लिए क्षमता संवर्धन कार्य:

वर्तमान में, मुंबई क्षेत्र में प्रतिदिन लगभग 120 मेल/एक्सप्रेस रेलगाड़ियों और लगभग 3200 उपनगरीय गाड़ियों का परिचालन किया जाता है।

मुंबई क्षेत्र के विभिन्न स्टेशनों पर रेलगाड़ी प्रबंधन क्षमता बढ़ाने के लिए, निम्नलिखित कार्य पूरे किए गए हैं/शुरू किए गए हैं/योजना बनाई गई है:

क्र.सं.	स्थान	ब्यौरा
1	बांद्रा टर्मिनस	3 पिट लाइनों का कार्य पूरा कर लिया गया है
2	मुंबई सेंट्रल	24 एलएचबी सवारी डिब्बों के लिए प्लेटफार्म का विस्तार
3	जोगेश्वरी	5 अतिरिक्त प्लेटफ़ॉर्म, 2 पिट लाइनें
4	दादर	1 अतिरिक्त प्लेटफ़ॉर्म
5	पनवेल-कलंबोली	5 प्लेटफॉर्म, 4 पिट लाइनें और 2 सिक लाइनें
6	कल्याण	6 प्लेटफॉर्म और 4 पिट लाइनें
7	एलटीटी	4 प्लेटफॉर्म और 2 पिट लाइनें

8	परेल	6 प्लेटफॉर्म, 5 पिट लाइनें, 6 स्टेबलिंग लाइनें
9	वसई - विरार क्षेत्र	वसई रोड: 6 प्लेटफॉर्म, 3 पिट लाइनें और 5 स्टेबलिंग लाइन नाइगांव- 30 स्टेबलिंग लाइनें विरार- 2 स्टेबलिंग लाइनें
10	दहानु क्षेत्र	दहानु: 5 स्टेबलिंग लाइनें नया वंगाँव: 30 स्टेबलिंग लाइनें

उपर्युक्त के अतिरिक्त, 15 कार वाली ईएमयू को समायोजित करने के लिए 34 स्टेशनों पर प्लेटफार्म विस्तार कार्य शुरू किया गया है।

क्षमता संवर्धन के लिए नई परियोजनाएं:

मुंबई उपनगरीय क्षेत्र में रेल नेटवर्क की संपर्कता और क्षमता बढ़ाने के लिए, 4,502 करोड़ रु. की लागत से मुंबई शहरी परिवहन परियोजना (एमयूटीपी)-I, 8,087 करोड़ रु. की लागत से मुंबई शहरी परिवहन परियोजना (एमयूटीपी)-II, 10,947 करोड़ रु. की लागत से मुंबई शहरी परिवहन परियोजना (एमयूटीपी)-III और 33,690 करोड़ की लागत से मुंबई शहरी परिवहन परियोजना (एमयूटीपी)-IIIए को स्वीकृति दी गई है। इन परियोजनाओं में मुंबई उपनगरीय क्षेत्र में निम्नलिखित कार्य शामिल हैं:

क्र.सं.	परियोजना का नाम	लागत [करोड़ रु. में]
1.	छठी लाइन मुंबई सेंट्रल-बोरीवली (30 कि.मी.)	919
2.	हार्बर लाइन गोरेगांव-बोरीवली (7 कि.मी.) का विस्तार	826

3.	विरार-दहानू रोड तीसरी और चौथी लाइन (64 कि.मी.)	3,587
4.	5वीं और 6वीं लाइन सीएसटीएम-कुर्ला (18 कि.मी.)	891
5.	पनवेल-कर्जत उपनगरीय कॉरिडोर (30 कि.मी.)	2782
6.	ऐरोली-कलवा (एलिवेटेड) उपनगरीय कॉरिडोर लिंक (3 कि.मी.)	476
7.	5वीं और 6वीं लाइन बोरीवली-विरार (26 कि.मी.)	2,184
8.	कल्याण-आसनगांव (32 कि.मी.) के बीच चौथी लाइन	1,759
9.	कल्याण-बदलापुर के बीच तीसरी और चौथी लाइन (14.05 कि.मी.)	1,510
10.	कल्याण यार्ड-मुख्य लाइन और उपनगरीय का पृथक्करण	866
11.	नाइगांव और जुचंद्रा (5.73 कि.मी.) के बीच वसई बाईपास लाइन (दोहरी लाइन)	176
12.	बदलापुर और कर्जत के बीच तीसरी और चौथी लाइन (32.46 कि.मी.)	1,324
13.	आसनगांव और कसारा के बीच चौथी लाइन (34.97 कि.मी.)	794
14.	अतिक्रमण नियंत्रण (34 स्थान)	551

रेल परियोजना/परियोजनाओं का पूरा होना कई कारकों पर निर्भर करता है, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- राज्य सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण
- वन संबंधी स्वीकृति
- अतिलंघनकारी जनोपयोगी सुविधाओं का स्थानांतरण
- विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृतियाँ

- क्षेत्र की भूवैज्ञानिक और स्थलाकृतिक परिस्थितियाँ
- परियोजना स्थल के क्षेत्र में कानून और व्यवस्था की स्थिति
- परियोजना स्थल विशेष के लिए वर्ष में कार्य करने के महीनों की संख्या आदि।

ये सभी कारक परियोजना/परियोजनाओं के समापन-समय और लागत को प्रभावित करते हैं।

रेल परियोजनाओं के प्रभावी और त्वरित कार्यान्वयन के लिए सरकार द्वारा किए गए विभिन्न उपायों में निम्नानुसार शामिल हैं:

- निधियों के आवंटन में पर्याप्त वृद्धि।
- क्षेत्रीय स्तर पर शक्तियों का प्रत्यायोजन।
- विभिन्न स्तरों पर परियोजना की प्रगति की कड़ी निगरानी।
- परियोजनाओं से संबंधित अन्य मुद्दों के समाधान के लिए भूमि अधिग्रहण, वानिकी और वन्यजीव संबंधी मंजूरी के लिए राज्य सरकारों और संबंधित अधिकारियों के साथ नियमित रूप से अनुवर्ती कार्रवाई।

नई पीढ़ी की रेलगाड़ियां:

यात्री वहन क्षमता बढ़ाने के लिए, एमयूटीपी-III और IIIए के तहत 19,293 करोड़ रुपये की लागत से 12 यानों वाले 238 रेकों को मंजूरी दी गई है। इन रेकों की खरीद की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

बुलेट ट्रेन परियोजना:

वर्तमान में, मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल (एमएएचएसआर) परियोजना (508 कि.मी.) निष्पादित की जा रही है। यह परियोजना गुजरात, महाराष्ट्र और दादरा एवं नगर हवेली के केन्द्र शासित प्रदेश से होकर गुजरती है, जिसमें मुंबई, ठाणे, विरार, बोईसर, वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, वडोदरा, आणंद, अहमदाबाद और साबरमती में 12 स्टेशन बनाए जाने की योजना है।

एमएएचएसआर परियोजना के लिए संपूर्ण भूमि (1389.5 हेक्टेयर) का अधिग्रहण कर लिया गया है। सभी सांविधिक स्वीकृतियां प्राप्त कर ली गई है। सभी 1651 उपयोगी सुविधाओँ को

स्थानांतरित कर दिया गया है। महाराष्ट्र राज्य में भूमि अधिग्रहण में विलंब के कारण यह परियोजना वर्ष 2021 तक प्रभावित हुई है। वर्ष 2022 में महाराष्ट्र में भूमि अधिग्रहण कार्यों में तेजी आई।

अभी तक विभिन्न प्रमुख मदों की प्रगति निम्नानुसार है:

मद	**प्रगति**
पील-पाए	452 कि.मी.
गर्डर	356 कि.मी.
ट्रैक बेड	209 कि.मी.
ओएचई मास्ट	190 कि.मी.

स्टेशनों की प्रगति निम्नानुसार है:-

क्र.सं.	स्टेशन	स्थिति
1	साबरमती	नींव के कार्य पूरे किए जा चुके हैं, प्लेटफॉर्म स्लैब और रूफ संरचनात्मक कार्य और फिनिशिंग कार्य प्रगति पर हैं
2	अहमदाबाद	संरचनात्मक कार्य पूरे कर लिए गए हैं और फिनिशिंग कार्य शुरू कर दिए गए हैं।
3	आनंद/नाडियाड	
4	वडोदरा	नींव कार्य पूरा किए जा चुके हैं, संरचनात्मक कार्य और फिनिशिंग कार्य शुरू कर दिए गए हैं।
5	भरूच	संरचनात्मक कार्य पूरे कर लिए गए हैं और फिनिशिंग कार्य शुरू कर दिए गए हैं।
6	सूरत	
7	बिलीमोरा	

क्र.सं.	स्टेशन	स्थिति
8	वापी	
9	बोइसर	नींव के कार्य शुरू किए जा चुके हैं और अंतिम चरण में है। संरचनात्मक कार्य शुरू कर दिए गए हैं।
10	विरार	
11	ठाणे	
12	बीकेसी (मुंबई)	यह एक भूमिगत स्टेशन है। नींव के कार्य लगभग पूरे किए जा चुके हैं और बेस स्लैब का कार्य शुरू कर दिया गया है।

नदी पुलों पर कार्यों की प्रगति निम्नानुसार है:-

क्र.सं.	नदी का नाम	स्थिति
1	साबरमती नदी (480 मीटर)	उप-संरचना का कार्य पूरा कर लिया गया है, अधिसंरचना का कार्य शुरू कर दिया गया है।
2	मेशवा नदी (120 मीटर)	पुल निर्माण कार्य पूरा किया गया।
3	वत्रक नदी (280 मीटर)	
4	मोहर (शेढ़ी) नदी (160 मीटर)	
5	माही नदी (720 मीटर)	12 में से 11 कुओं का कार्य पूरा कर लिया गया; 5 स्पैन संस्थापित किया गया
6	विश्वामित्री नदी (80 मीटर)	पुल निर्माण पूरा हुआ।
7	धादर नदी (120 मीटर)	
8	नर्मदा नदी (1366 मीटर)	25 में से 21 कुओं को पूरा किया गया; 4 स्पैन लॉन्च किए गए

क्र.सं.	नदी का नाम	स्थिति
9	किम नदी (120 मीटर)	पुल निर्माण कार्य पूरा किया गया।
10	तापी नदी (720 मीटर)	नींव कार्य शुरू कर दिया गया है, 12 में से 10 कुओं का कार्य पूरा किया जा चुका है
11	मिंडहोला नदी (240 मीटर)	पुल निर्माण कार्य पूरा किया गया।
12	पूर्णा नदी (360 मीटर)	
13	अंबिका नदी (200 मीटर)	
14	वेंगनिया नदी (200 मीटर)	
15	कावेरी नदी (120 मीटर)	
16	खरेरा नदी (120 मीटर)	
17	औरंगा नदी (320 मीटर)	
18	पार नदी (320 मीटर)	
19	कोलक नदी (160 मीटर)	
20	दमन गंगा नदी (360 मीटर)	
21	डारोथा नदी (80 मीटर)	
22	जगनी नदी (360 मीटर)	नींव का कार्य पूरा किया जा चुका है
23	वैतरणा नदी (2320 मीटर)	12 पाइल कैप और 11 पियर (58 में से) पूरे किए गए।
24	उल्हास नदी शाखा (120 मीटर)	नींव का कार्य शुरू करने के लिए अस्थायी पहुंच पुल (टीएबी) पूरे कर लिए गए।
25	देसाई खाड़ी नदी पुल (400	भू-तकनीकी जांच (जीटीआई) पूरी की जा चुकी है

क्र.सं.	नदी का नाम	स्थिति
	मीटर)	और डिजाइन का कार्य शुरू कर दिया गया है।

समुद्र के भीतर सुरंग (लगभग 21 कि.मी.) का कार्य शुरू किया गया है, जिसमें से महाराष्ट्र में घनसोली और शिलफाटा के बीच 4.8 कि.मी. सुरंग का कार्य पूरा किया जा चुका है।

सूरत-वापी खंड (97 कि.मी.) पर नदी पुल निर्माण सहित सभी सिविल कार्य पूरे किए जा चुके हैं और 87% ट्रैक बेड बिछा दिया गया है।

बहरहाल, बुलेट ट्रेन परियोजना काफी जटिल और प्रौद्योगिकी गहन परियोजना है। सिविल संरचनाओं, रेलपथ, इलेक्ट्रिकल, सिगनल प्रणाली और दूरसंचार के सभी संबंधित कार्यों और गाड़ीसेट की आपूर्ति पूरी होने के पश्चात ही संपूर्ण परियोजना के समापन की सटीक समय-सीमा का उचित रूप से पता लगाया जा सकता है।

इसके अलावा, राष्ट्रीय परिवहन अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने, क्षेत्रीय संपर्क, आर्थिक विकास, पर्यटन, निवेश और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने और सड़क और हवाई परिवहन से रेलों की ओर मोडाल अंतरण को प्रोत्साहित करने के लिए, सरकार ने केंद्रीय बजट 2026-27 में निम्नलिखित सात नए हाई-स्पीड रेल (एचएसआर) गलियारों को विकसित करने की घोषणा की है

(i) मुंबई-पुणे

(ii) पुणे-हैदराबाद

(iii) हैदराबाद-बेंगलुरु

(iv) हैदराबाद-चेन्नई

(v) चेन्नई-बेंगलुरु

(vi) दिल्ली-वाराणसी

(vii) वाराणसी-सिलीगुड़ी

अत्यधिक पूंजी गहन होने के कारण, किसी भी एचएसआर कॉरिडोर/परियोजना को मंजूरी देने का निर्णय कई कारकों पर निर्भर करता है जैसे डीपीआर का परिणाम, तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता अध्ययन और संसाधनों की उपलब्धता जैसे वित्तपोषण के विकल्प आदि ।

समर्पित माल ढुलाई गलियारा:

रेल मंत्रालय द्वारा दो समर्पित माल गलियारों (डीएफसी) का निर्माण शुरू किया गया था। लुधियाना से सोननगर (1337 कि.मी.) तक पूर्वी समर्पित माल गलियारा (ईडीएफसी) और जवाहरलाल नेहरू पोर्ट टर्मिनल (जेएनपीटी) से दादरी (1506 कि.मी) तक पश्चिमी समर्पित माल गलियारा (डब्ल्यूडीएफसी)।

ईडीएफसी और डब्ल्यूडीएफसी का कार्य पूरा कर लिया गया है और कमीशन कर दिया गया है। डीएफसी पर प्रतिदिन औसतन 443 से अधिक गाड़ियां परिचालित की जाती हैं। पूर्वी और पश्चिमी समर्पित माल गलियारों (ईडीएफसी और डब्ल्यूडीएफसी) के पूरी तरह से कमीशन किए गए खंडों द्वारा सुदृढ़ परिचालन संबंधी निष्पादन का प्रदर्शन किया गया है। माल यातायात की संख्या में निरंतर वृद्धि हुई है, जिसमें औसत गति अधिक है, तीव्र टर्नअराउंड और बेहतर विश्वसनीयता है। माल गलियारों से कंटेनर, कोयला और थोक कार्गो परिवहन में निरंतर वृद्धि हो रही हैं, जो माल परिवहन में क्षमता संवर्धन में महत्वपूर्ण योगदान प्राप्त हो रहा है।

समर्पित माल गलियारों से माल यातायात को ईडीएफसी और डब्ल्यूडीएफसी में परिवर्तित करके पारंपरिक नेटवर्क पर अतिरिक्त पथ सृजित करने में योगदान मिला है। इसके परिणामस्वरूप, रेलवे को अपने नेटवर्क पर अतिरिक्त माल और कोचिंग सेवाएं परिचालित करने में सक्षमता प्राप्त हुई है।

समर्पित माल गलियारों से तीव्र पारगमन समय, उच्चतर थ्रूपुट और डबल-स्टैक कंटेनर संचालन (विशेष रूप से पश्चिमी डीएफसी पर) को सक्षम बनाया गया है। इन सुधारों से समग्र संभार तंत्र की लागत को कम करने, आपूर्ति श्रृंखला दक्षता में सुधार करने और भारतीय उद्योगों की

प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने में योगदान प्राप्त हुआ है।

केंद्रीय बजट 2026 में पूर्व में दानकुनी और पश्चिम में सूरत से जोड़ने वाले एक नए समर्पित माल गलियारे की घोषणा की गई है। इस गलियारे के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने/अद्यतन बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया है।

रेल विद्युतीकरण:

भारतीय रेल पर रेल नेटवर्क का विद्युतीकरण मिशन मोड में किया गया है। अभी तक, लगभग 99.6% बड़ी लाइन (बीजी) नेटवर्क का विद्युतीकरण किया जा चुका है। शेष नेटवर्क में विद्युतीकरण का कार्य किया गया है। वर्ष 2014-26 के दौरान और 2014 से पहले किया गया विद्युतीकरण निम्नानुसार है:

अवधि	मार्ग किलोमीटर
2014 से पहले (लगभग 60 वर्ष)	21,801
2014-26	48,072

महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में, संपूर्ण मौजूदा बड़ी लाइन नेटवर्क का विद्युतीकरण किया गया है। इसके अलावा, सभी नई लाइन/मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी जा रही है और विद्युतीकरण सहित उनका निर्माण किया जा रहा है।

स्टेशन पुनर्विकास:

रेल मंत्रालय ने दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना शुरू की है।

इस योजना में भारतीय रेल के स्टेशनों को बेहतर बनाने के लिए मास्टर प्लान तैयार करना और उन्हें चरणबद्ध रूप में कार्यान्वित करना शामिल है। प्रत्येक स्टेशन की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए मास्टर प्लानिंग में निम्नानुसार शामिल हैं:

- स्टेशन और परिचलन क्षेत्रों तक पहुंच में सुधार
- शहर के दोनों किनारों के साथ स्टेशन का एकीकरण
- स्टेशन भवन का सुधार कार्य
- प्रतीक्षालय, शौचालय, बैठने की व्यवस्था, पानी बूथ में सुधार कार्य
- यात्री यातायात के अनुरूप चौड़े ऊपरी पैदल पुल/सबवे का प्रावधान
- लिफ्ट/एस्केलेटर/रैंप का प्रावधान
- प्लेटफॉर्म सतह में सुधार/प्लेटफ़ॉर्म शेल्टर का प्रावधान
- एक स्टेशन एक उत्पाद जैसी योजनाओं के माध्यम से स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क का प्रावधान
- पार्किंग विकास
- दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं
- बेहतर यात्री सूचना प्रणाली
- एयर कॉनकोर्स, एग्जीक्यूटिव लाउंज, मल्टीमॉडल एकीकरण, भूसुदर्शनीकरण आदि का प्रावधान।

इस योजना में आवश्यकता, चरणबद्धता और व्यवहार्यता के अनुसार संवहनीय और पर्यावरण अनुकूल समाधानों और दीर्घकालिक आधार पर स्टेशन पर सिटी सेंटर के निर्माण की भी परिकल्पना की गई है।

अभी तक अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकास के लिए 1340 स्टेशनों को चिह्नित किया गया है, जिनमें से 132 स्टेशन महाराष्ट्र राज्य में और 80 स्टेशन मध्य प्रदेश राज्य में स्थित हैं। महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश राज्यों में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकास के लिए चिह्नित स्टेशनों के नाम निम्नानुसार हैं:

राज्य	स्टेशनों की संख्या	स्टेशनों के नाम
महाराष्ट्र	132	अहमदनगर, अजनी (नागपुर), अकालकोट रोड, अकोला, अकुर्डी, अमलनेर, आमगांव, अमरावती, अंधेरी, बडनेरा, बल्हारशाह, बांद्रा टर्मिनस, बारामती, बेलापुर, भंडारा रोड, भोकर, भुसावल, बोरीवली, भायखला, चालीसगांव, चंदा फोर्ट, चंद्रपुर, चरनी रोड, छत्रपति संभाजीनगर, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, चिंचपोकली, चिंचवाड़, दादर (मध्य रेलवे), दादर (पश्चिम रेलवे), दहिसर, दौंड, देहू रोड, देवलाली, धामणगांव, धरणगांव, धाराशिव, धर्माबाद, धुले, दिवा, दुधनी, गंगाखेड़, गोधनी, गोंदिया, ग्रांट रोड, हडपसर, हतकणंगले, हजूर साहिब नांदेड, हिमायतनगर, हिंगनघाट, हिंगोली डेक्कन, इगतपुरी, जलगांव, जालना, जेऊर, जोगेश्वरी, कल्याण जंक्शन, कामठी, कांदिवली, कांजुर मार्ग, कराड, कटोल, केडगांव, किनवट, कोपरगांव, कुर्दुवाडी जंक्शन, कुर्ला जंक्शन, लासलगांव, लातूर, लोकमान्य तिलक टर्मिनस, लोणांद जंक्शन, लोनावला, लोअर परेल, मालाड, मलकापुर, मनमाड जंक्शन, मनवत रोड, मरीन लाइन्स, माटुंगा, मिराज जंक्शन, मुदखेड जंक्शन, मुंबई सेंट्रल, मुंब्रा, मुर्तिजापुर जंक्शन, नगरसोल, नागपुर जंक्शन, नांदगांव, नांदुरा, नांदुरबर, नरखेड़ जंक्शन, नाशिक रोड, नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी जंक्शन, पचौरा जंक्शन, पालघर, पंढरपुर, पनवेल जंक्शन, परभणी

राज्य	स्टेशनों की संख्या	स्टेशनों के नाम
		जंक्शन, परेल, पारली वैजनाथ, परतुर, फलटण, प्रभादेवी, पुलगांव जंक्शन, पुणे जंक्शन, पूर्णा जंक्शन, रावेर, रोटेगांव, साईनगर शिर्डी, सेंडहर्स्ट रोड, सांगली, सातारा, सावदा, सेलू, सेवाग्राम, शहाड, शेगांव, शिवाजी नगर पुणे, श्री छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनस कोल्हापुर, सोलापुर, तालेगांव, ठाकुर्ली, ठाणे, टीटवाला, तुमसर रोड, उमरी, उरुली, वडाला रोड, विद्याविहार, विक्रोळी, वडसा, वर्धा, वाशिम, वाठार
मध्य प्रदेश	80	अकोदिया, अमला, अनूपपुर, अशोकनगर, बालाघाट, बाणपुरा, बरगवां, ब्योहारी, बैरछा, बैतूल, भिंड, भोपाल, बिजुरी, बीना, बियावरा राजगढ़, छिंदवाड़ा, डाबरा, दामोह, दतिया, देवास, गाडरवारा, गंजबासौदा, घोड़ाडोंगरी, गुना, ग्वालियर, हरदा, हरपालपुर, इंदौर जं, इटारसी जं, जबलपुर, जुन्नार देव, करेली, कटनी जं, कटनी मुरवारा, कटनी साउथ, खाचरौद, खजुराहो जं, खंडवा, खिरकिया, लक्ष्मीबाई नगर, मइहर, मक्सी जं, मंडला फोर्ट, मंदसौर, एमसीएस छतरपुर, मेघनगर, मुरैना, मुलताई, नागदा जं, नैनपुर जं, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, नेपानगर, नीमच, ओरछा, पंधुर्ना, पिपरिया, रतलाम, रीवा, रुठियाई, सांची, संत हिरदाराम नगर, सतना, सौगढ़, सिवनी, शहडोल, शाजापुर, शामगढ़, श्योपुर कलां, शिवपुरी, श्रीधाम, शुजालपुर, सिहोरा रोड, सिंगरौली, टीकमगढ़, उज्जैन, उमरिया, विदिशा, विक्रमगढ़ अलोट

कार्य संपन्न स्टेशन:

महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों पर विकास कार्य तेज गति से किए जा रहे हैं। महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में कार्य संपन्न किए गए स्टेशनों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

राज्य	स्टेशनों की संख्या	स्टेशनों के नाम
महाराष्ट्र	20	अमगांव, बारामती, भायखला, चांदा फोर्ट, चिंचपोकली, देवलाली, धुले, हिमायतनगर, केडगांव, लासलगांव, लोणांद जंक्शन, मलकापुर, माटुंगा, मुर्तिजापुर जंक्शन, नंदुरा, नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन, परेल, सावदा, शहाद, वडाला रोड
मध्य प्रदेश	19	अशोकनगर, बालाघाट, ब्योहारी, भिंड, छिंदवाड़ा, हरपालपुर, जुन्नार देव, कटनी दक्षिण, एमसीएस छतरपुर, नैनपुर जंक्शन, नर्मदापुरम, ओरछा, सांची, सिवनी, शाजापुर, शिवपुरी, श्रीधाम, टीकमगढ़, विदिशा

अन्य स्टेशनों पर भी विकास के कार्यकलाप तेज गति से शुरू किए गए हैं और कुछ स्टेशनों पर कार्यों की प्रगति नीचे दी गई है:

महाराष्ट्र:

- छत्रपति संभाजीनगर स्टेशन: उत्तर की ओर नए डाकघर भवन और पार्सल कार्यालय, नए रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) भवन का कार्य पूरा कर लिया गया है। दक्षिण की ओर नए आगमन और प्रस्थान भवन, नया प्रतीक्षालय,

शौचालय, एयर कॉनकोर्स, 6 मीटर चौड़ा ऊपरी पैदल पुल, थ्रू रूफ, उत्तर और दक्षिण की ओर नए भूमिगत जलाशय, उत्तर और दक्षिण की ओर नया अपशिष्ट उपचार संयंत्र, नए विद्युत सब-स्टेशन भवन का कार्य शुरू किया गया है।

